दैनिक विश्वमित्र

शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया

कोलकाता, 12 सितम्बर (नि.प्र.)। नोपानी हाई विद्यालय के सभागार में शिक्षक दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बांग्ला बाल साहित्य की प्रसिद्ध लेखिका एवं साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती दीपान्विता राय के आगमन से इस समारोह में चार-चांद लग गया। तत्पश्चात माननीय प्रधानाचार्य महोदय एवं मुख्य अतिथि के द्वारा श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तदुपरांत आदरणीय प्रधानाचार्य जी ने अपने अनमोल विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि की। इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य एवं संगीत का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए हमारे मुख्य अतिथि श्रीमती दीपान्विता राय ने बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस तरह आनंद एवं प्रसन्नता के वातावरण में शिक्षक दिवस समारोह संपन्न हुआ।